आकाशवाणी

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 12.03.2026 समय : 02.10

पीएम किसान सम्मान निधि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल गुवाहाटी से पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त जारी करेंगे। करीब 9 करोड़ 32 लाख किसानों के खातों में 18 हजार 640 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए जाएंगे। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि इस योजना के तहत अब तक 4 लाख 9 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा किसानों को दिए जा चुके हैं। कल की किस्त के बाद यह रकम 4 लाख 27 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा हो जाएगी।

लाड़ली बहना- 34वीं किस्त

वहीं कल लाड़ली बहना योजना की 34वीं किस्त जारी की जाएगी। मुख्यमंत्री मोहन यादव ग्वालियर के भितरवार से सिंगल क्लिक के जरिए पैसे ट्रांसफर करेंगे। 1 करोड़ 28 लाख बहनों के खातों में 1500-1500 रुपए आएंगे। कुल 1920 करोड़ रुपए एक साथ ट्रांसफर किए जाएंगे।

राष्ट्रपति- कृषि-खाद्य प्रणाली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में कृषि-खाद्य प्रणाली में महिलाओं की भूमिका पर वैश्विक सम्मेलन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में महिलाओं को नीति निर्माण और नेतृत्व में जगह मिलनी चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत ने महिला नेतृत्व वाली विकास रणनीति अपनाई है।

लोकसभा-बजट सत्र

लोकसभा में आज विपक्षी सांसदों ने सिलेंडर संकट के मुद्दे पर जमकर हंगामा किया। सुबह 11 बजे कार्यवाही शुरू होते ही नारेबाजी शुरू हो गई। स्पीकर ओम बिरला के समझाने के बावजूद विपक्ष नहीं माना और सदन को दो बार स्थगित करना पड़ा। बता दें कि बुधवार को स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव खारिज हो चुका है।

राज्यपाल - झाबुआ

राज्यपाल मंगूभाई पटेल आज झाबुआ के दौरे पर हैं। राज्यपाल यहां कृषि विज्ञान केंद्र में सिकल सेल एनीमिया जागरूकता कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम का मकसद जनजातीय समुदाय को एनीमिया के प्रति जागरूक करना है। साथ ही किसानों को कृषि उपकरण और बीज भी बांटे जाएंगे।

ईरान- भारतीय जहाज

ईरान ने भारतीय जहाजों को होर्मुज स्ट्रेटसे गुजरने की अनुमति दे दी है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर और ईरानी विदेश मंत्री अराघची के बीच हुई बातचीत के बाद यह फैसला हुआ। भारत के तेल टैंकर पुष्पक और परिमल अब सुरक्षित इस रास्ते से गुजर रहे हैं। अमेरिका, यूरोप और इस्राएल के जहाजों पर अभी भी यहां से गुजरने पर रोक है। भारत अपने कच्चे तेल का बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से मंगाता है।

दांडी मार्च

आज दांडी मार्च की 95वीं वर्षगांठ है। 12 मार्च 1930 को महात्मा गांधी ने साबरमती आश्रम से दांडी मार्च की शुरुआत की थी। 24 दिनों में करीब 385 किलोमीटर पैदल चलकर गांधीजी ने नमक कानून तोड़ा था। इस आंदोलन ने पूरे देश में अंग्रेजों के खिलाफ सविनय अवज्ञा आंदोलन की नींव रखी। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सभी सत्याग्रहियों को नमन करते हुए कहा कि दांडी मार्च सदैव देशभक्ति की प्रेरणा देता रहेगा।

छात्रावास- प्रवेश

प्रदेश के सरकारी छात्रावासों में 2026 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस बार पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन रखी गई है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय और नेताजी सुभाष चंद्र बोस छात्रावासों में कक्षा 6वीं समेत अन्य कक्षाओं के लिए 30 मार्च तक आवेदन किया जा सकता है। आवेदन के लिए educationportal3.in पर जाना होगा।

शिक्षा का अधिकार

प्रदेश में शिक्षा के अधिकार यानी RTE के तहत निजी स्कूलों में मुफ्त प्रवेश के लिए आवेदन कल से शुरू हो रहे हैं। आवेदन की आखिरी तारीख 28 मार्च है। इच्छुक अभिभावक rteportal.mp.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। लॉटरी के जरिए चयन 2 अप्रैल को होगा।

समाचार संक्षेप में :-

- भोपाल के एमपी नगर में सीवेज लाइन सुधार कार्य के दौरान ज्योति कॉम्प्लेक्स की करीब 150 दुकानों में कल गंदा पानी भर गया। व्यापारियों के हंगामे के बाद देर रात तक सुधार कार्य चलता रहा ।
- इंदौर के कनाडिया थाना क्षेत्र में कल देर रात केले से भरा वाहन खड़े ट्रक से टकरा गया। इस हादसे में वाहन चालक और क्लीनर की मौके पर ही मौत हो गई।
- जबलपुर की मदन महल पहाड़ी पर अतिक्रमण हटाने का अभियान जारी है। गर्मी और मुश्किल भौगोलिक परिस्थितियों के चलते कल 17 अतिक्रमण ही हटाए जा सके।
- गुना के माधवराव सिंधिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय का 7 दिवसीय एनएसएस शिविर ग्राम नोहरीकलां में आयोजित किया जा रहा है।

- नर्मदापुरम के शासकीय आईटीआई में कल युवा संगम रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा।
- जबलपुर की नानाजी देशमुख वेटरनरी साइंस यूनिवर्सिटी में अंतर-महाविद्यालयीन खेल, सांस्कृतिक और साहित्यिक प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।
- झाबुआ के शासकीय आईटीआई में आयोजित युवा संगम रोजगार मेले में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया और 51 युवाओं का प्रारंभिक चयन किया गया।